हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 1 जनवरी 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

5 रावणभाठा मैदान से कर्मचारियों ने निकाली जंगी रैली



6 कुरूद विधानसभा क्षेत्र के लिए उपलब्धियों भरा रहा साल 2025



## खबर संक्षेप

### बिरगुड़ी में राज्यस्तरीय डीजे डांस आज

**नगरी।** नववर्ष के उपलक्ष्य में युवा संगठन दुर्गा चौक बिरगुड़ी द्वारा राज्यस्तरीय डीजे डांस कार्यक्रम रखा गया है। सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 15000, द्वितीय 10000, तृतीय 7000, चतुर्थ पुरस्कार 5000 रूपये एवं युगल में प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय 3000, तृतीय 2000, चतुर्थ पुरस्कार 1000 व एकल में प्रथम पुरस्कार 3001, द्वितीय 2001, तृतीय 1501 और चतुर्थ पुरस्कार 1000 रूपये रखा गया है। यह जानकारी आयोजक समिति के अध्यक्ष बुधेश नायक ने दी है।

### चिंवरी में मड़ई आज

**सिर्री।** ग्राम चिंवरी के स्कूल चौक में ग्रामवासियों के सहयोग से आज मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका पायल साहू की छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोककला मंच चिन्हारी लोक मंजीरा की प्रस्तुति होगी। मंच का संचालन चंद्रहास साहू करेंगे। यह जानकारी संजीत साहू सरपंच, तेजू साहू, महेश, प्रीतम, तोरण, गुरु ने दी।

### अटंग में मड़ई कल से

**सिर्री।** ग्राम अटंग के सतनाम दरबार अमृतपुर में 2 और 3 जनवरी को दो दिवसीय मड़ई का आयोजन किया गया हैं। 3 जनवरी को दोपहर 12 बजे से झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोखा (मड़ाईभाठा) का कार्यक्रम रखा गया है।

### धौराभाठा में मड़ई कल

**मगरलोड।** धौराभाठा में 2 जनवरी शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए पूजा के फूल छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी खल्लारी बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच दानीराम देवांगन ने दी है।

### भड़सिवना में मड़ई कल

**नगरी।** ग्राम भड़सिवना में मड़ई मेला 2 जनवरी को होगा। सरपंच प्रतिनिधि नीलकुमार सूर्यवंशी ने बताया कि रात्रि में नवरंग छत्तीसगढ़ लोककला लड़की नाचा पार्टी मावलीभाटा जिला नुवाबाड़ा (ओडिशा) का कार्यक्रम होगा।

### भुसरेंगा में मड़ई 3 को

**बगदेही(धमतरी)।** ग्राम भुसरेंगा में छेरछेरा पूर्णिमा पर्व पर ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोककला मंच अभनपुर के चिन्हा की प्रस्तुति रहेगी। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के सचिव विजय साहू ने दी।

### चंदनबिरही मड़ई मेला 8 को

**धमतरी।** ग्राम चंदनबिरही गुरूर में मड़ई मेला का आयोजन 8 जनवरी को किया गया है। रात्रि में शिवसागर लतमर्रा कलकसा डोंगरगढ़ का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। 10 एवं 11 जनवरी को मानसगान सम्मेलन होगा। कार्यक्रम की तैयारी में गोकुल ठाकुर सरपंच, प्रमिला साहू जनपद सदस्य, शैलेंद्र सार्वा ग्रामीण अध्यक्ष, राजेश साहू कोषाध्यक्ष, टुमन साहू सचिव, भीमसेन ठाकुर उपाध्यक्ष, दिनेश साहू सहसचिव जुटे हैं।

### मौरीखुर्द में मड़ई 10 को

**सिर्री।** ग्राम मौरीखुर्द (दहदहा) में ग्रामवासियों के सहयोग से 10 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। संध्या में जय मां दंतेश्वरी राउत नाचा दहदहा की प्रस्तुति होगी। रात्रि में जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी ग्राम मंदलौर चंपारण का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी कृपाराम, केशवराम, कामताराम यादव, चंद्रकुमार, त्रिभुवन एवं मनोज साहू ने दी।

# रामकथा में पं. अतुलकृष्ण महाराज ने हरिभूमि कैलेंडर 2026 का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी







नगर के गौशाला मैदान में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के दौरान बुधवार को कथावाचक पंडित आचार्य अतुलकृष्ण महाराज ने हरिभूमि कैलेंडर 2026 का विमोचन किया। यह दूसरा अवसर है जब महाराज के हाथों हरिभूमि कैलेंडर का विमोचन हुआ। इससे पहले 2025 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन गंगरेल स्थित अंगारमोती धाम में किया गया था।

महाराज जी ने बताया कि हरिभूमि कैलेंडर केवल तिथि और दिनांक का संग्रह नहीं है, बल्कि इसमें राशिफल, वैवाहिक कुंडली, शुभ और अशुभ तिथियां, पर्व-त्योहार, उपवास और धार्मिक अनुष्ठानों की जानकारी भी समाहित है। इसके माध्यम से पाठक दैनिक जीवन में समय-सारिणी के अनुसार कार्य योजनाओं को व्यवस्थित कर सकते हैं। महाराज जी ने कहा कि यह कैलेंडर परिवार, छात्रों और व्यवसायियों के लिए भी बेहद उपयोगी है।

महाराज जी ने हरिभूमि समाचार पत्र के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अखबार न केवल देश-विदेश की ताज़ा खबरें देता है, बल्कि अंचल की स्थानीय घटनाओं और खबरों से भी पाठकों को अपडेट रखता है। लोकप्रिय समाचार पत्र होने के नाते यह लोगों की पहली पसंद है। छत्तीसगढ़ अंचल में सबसे अधिक प्रसारित होने वाला अखबार है।

विमोचन समारोह में रामकथा आयोजक पंडित राजेश शर्मा, गोपाल शर्मा, विकास शर्मा, विक्रांत शर्मा, जितेंद्र शर्मा, दिलीपराज सोनी, सूरज शर्मा, प्रकाश शर्मा, नरेश जसूजा, गोविंद साहू, ईश्वरी पटवा, प्रकाश शर्मा, विकास शर्मा, नरेश जसूजा, पिंटू यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। सभी ने तालियों और जयघोष के साथ कैलेंडर के विमोचन का उत्सव मनाया। इस अवसर पर हरिभूमि स्टाफ की ओर से धमतरी जिला ब्यूरो चीफ उमेश बशिष्ट, सिटी रिपोर्टर संतोष सोनकर, यशवंत साहू, चंद्रकांत साहू, अयांश सिंह एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुगणों को कैलेंडर की प्रतियां भेंट की गई। आयोजक पं. राजेश शर्मा ने कहा कि कैलेंडर लोगों की चेतना बढ़ाते हैं। संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं।

## नए साल में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने विड्रॉल नियमों को किया आसान

# कर्मचारी भविष्य निधि से पूरी होंगी जरूरतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नौकरीपेशा लोगों के लिए कर्मचारी भविष्य निधि से राशि निकालना पहले से ज्यादा आसान हो गया है। यही नहीं कई मामलों में नियोक्ता की मंजूरी की आवश्यकता भी समाप्त कर दी गई है। इससे नौकरी बदल चुके कर्मचारियों को काफी राहत मिलेगी। यही नहीं अब कर्मचारी आसानी से समझ पाएगा कि किन परिस्थितियों में वे अपने भविष्य निधि से राशि निकाल पाएंगे।

कर्मचारी भविष्य निधि नौकरीपेशा लोगों के लिए एक भरोसेमंद बचत योजना है। निजी क्षेत्र में सर्विस दे रहे लोगों का वेतन काफी कम होता है। ऐसी स्थिति में वे बच्चों की शादी, पढ़ाई सहित अन्य जरूरतों के लिए रूपयों की जरूरत होती है। ऐसे में वे भविष्य निधि से रुपए निकालते हैं। रुपए निकालने के लिए इन कर्मचारियों को काफी परेशानी होती थी, जिसे देखते हुए नियमों को आसान किया गया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने विड्रॉल नियमों को पहले से ज्यादा सरल और साफ कर दिया है, जिससे लोगों को यह समझना आसान हो गया है कि वे अपना पैसा कब और किन हालात में निकाल सकते हैं। इसका मकसद रिटायरमेंट सेविंग को सुरक्षित रखते हुए जरूरत के समय मदद देनी है।

### इलाज के लिए कभी भी विड्राल

जीवनसाथी, माता-पिता या बच्चों के इलाज के लिए किसी भी समय भविष्य निधि से रुपए निकाले जा सकते हैं। इसमें कोई मिनिमम सर्विस की शर्त नहीं है। 7 साल की सर्विस के बाद अपने बच्चों, भाई, बहन की शादी के लिए कुल अंशदान का 50 प्रतिशत निकाल सकते हैं। इसके अलावा 7 साल की नौकरी के बाद बच्चों की पढ़ाई के लिए कुल अंशदान का 50 प्रतिशत तक निकाला जा सकता है। शर्त यह है कि बच्चे की पढ़ाई कक्षा 10वीं से आगे की हो।

### टैक्स फ्री होगी राशि

कर्मचारी ने लगातार 3 साल या उससे ज्यादा नौकरी की है, तो भविष्य निधि से निकाली गई राशि पूरी तरह से टैक्स फ्री होगी। 5 साल से पहले राशि निकालने पर टीडीएस कट सकता है। 54 साल की उम्र होने पर या रिटायरमेंट से एक साल पहले 90 प्रतिशत राशि निकाली जा सकती है। बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा या 2 महीने से अधिक समय से सैलरी न मिलने पर थोड़ी राशि निकाली जा सकती है।

### तीन समूहों में निकासी की परिस्थितियां

आंशिक निकासी के लिए पहले 13 श्रेणियां थीं, जिन्हें अब तीन समूह आवश्यक जरूरतें (बीमारी, शिक्षा, शादी), आवास जरूरतें और विशेष परिस्थितियों में विभक्त किया गया है। 5 लाख तक के एडवांस क्लेम (बीमारी, शिक्षा, शादी आदि के लिए) अब बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के ऑटो-मोड में प्रोसेस हो जाते हैं। इन मामलों में क्लेम का निपटारा 3 दिनों के भीतर हो जाता है। अधिकांश ऑटो-क्लेम प्रोसेसिंग के लिए अब चेक या पासबुक अपलोड करने की जरूरत नहीं है। नौकरी छूटने के तुरंत बाद कुल पीएफ बैलेंस का 75 प्रतिशत तक निकाला जा सकता है और शेष 25 प्रतिशत एक साल की बेरोजगारी के बाद निकाला जा सकता है। नौकरी बदलने पर पीएफ ट्रांसफर की प्रक्रिया आसान हो गई है। कई मामलों में नियोक्ता की मंजूरी के बिना ही पीएफ ट्रांसफर स्वचालित रूप से हो जाता है।

# नगरी क्षेत्र में हाथी की मौजूदगी, वन विभाग ने जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

धमतरी वन मंडल अंतर्गत नगरी परिक्षेत्र में एक जंगली हाथी की उपस्थिति दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 दिसंबर की शाम 5 बजे एक नर हाथी को कक्ष क्रमांक 338, 337 होते हुए 349 सी/एल क्षेत्र में विचरण करता पाया गया। हाथी की वर्तमान लोकेशन उत्तर तुमबाहरा क्षेत्र बताई गई है। जीपीएस लोकेशन वन विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार इस दौरान किसी प्रकार की जनहानि, मकान हानि अथवा फसल क्षति नहीं हुई है।

वन विभाग ने एहतियात के तौर पर भैंसामुड़ा, मटियाबहरा, तुमबाहरा, चारगांव, जबर्रा, बिलभदर, कल्लेमेटा, डोंगरडुला, संबलपुर, अमाली, छिपली एवं गोरेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में अलर्ट जारी किया है। इस पूरे अभियान की निगरानी परिक्षेत्र सहायक तुमबाहरा द्वारा की जा रही है।

मौके पर दल प्रमुख झम्मन कश्यप एससीएफओ के साथ रामकुमार ध्रुव, शेख अब्दुल कादिर, राजाराम साहू बीएफओ, तुलाराम ध्रुव, गणेश मरकाम समिति अध्यक्ष एवं दूजलाल साहू सहित वन अमला तैनात है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति जंगल की ओर न जाए, सतर्कता बरतें तथा हाथी दिखाई देने की स्थिति में तत्काल नजदीकी वन कर्मचारी या वन विभाग को सूचना दें।

# वर्ष 2025 में अस्पताल पुलिस सहायता केंद्र ने कराए 274 शवों का पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ ज्यादातर केस सड़क दुर्घटना व सुसाइड के





जिला अस्पताल पुलिस सहायता केंद्र ने वर्ष 2025 में कुल 274 शवों का पोस्टमार्टम कराया जो वर्ष 2024 की तुलना में 51 केस ज्यादा है।

जिला चिकित्सालय , शहर के निजी अस्पतालों में भर्ती सड़क दुर्घटना, आत्महत्या के प्रयास सहित अन्य घटना व दुर्घटना के घायल मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल परिसर में स्थित चीरघर लाया जाता है।

अस्पताल परिसर सिटी कोतवाली अंतर्गत स्थित पुलिस सहायता केन्द्र में पदस्थ प्रभारी व आरक्षक मेमो प्राप्त होने पर शव का पंचनामा व परिजनों का बयान लेकर शवों का पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया जाता है। मृतक के परिजनों की मदद के लिए अस्पताल परिसर में वर्ष 2010 से पुलिस सहायता केन्द्र स्थापित है। इन दिनों पुलिस सहायता केन्द्र का प्रभार एएसआई सीआर पनागर संभाल रहे हैं। वहीं आरक्षक जागेश्वर सोरी व संजय पति की तैनाती है। बीते वर्ष 2025 में पुलिस सहायता केन्द्र द्वारा कुल 274 शवों का पोस्टमार्टम कराया है जो वर्ष 2024 में 223 केस की तुलना में 51 केस ज्यादा है। वर्ष 2025 में ज्यादा केस एक्सीडेंट के हैं। सड़क दुर्घटना में मौत होने पर 125 शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं जहर सेवन कर 91 लोगों ने आत्महत्या की है। करंट से 7 की मौत व 20 लोगों ने फांसी लगाकर जान दी है। इसी तरह गिरने से 17 की मौत हुई है। अज्ञात कारणों से 21 लोगों की मौत हुई है। पुलिस सहायता केन्द्र द्वारा हत्या के 6 शव, जलकर मरने के 3 व आकाशीय बिजली के 2 शवों का पोस्टमार्टम कराया। वहीं मधुमक्खियों के हमले से 1, बिच्छू डंक से 2, पानी में डूबने से 6 व सर्पदंश से 3 की मौत हुई है।

### पोस्टमार्टम कराया गया

पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी एएसआई सीआर पनागर ने बताया कि वर्ष 2025 में कुल 274 शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है जिसमें सड़क दुर्घटना, करंट, पानी में डूबने, आत्महत्या सहित अन्य केस शामिल है। कंट्रोल रूम के माध्यम से संबंधित थाने को पाईंट देकर मर्ग डायरी को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजी जा रही है।

## रायपुर में सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 4 को

**धमतरी।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से शहीद स्मारक भवन रायपुर में 4 जनवरी को सुबह 10 बजे से सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक- युवतियों के लिए राष्ट्र स्तरीय विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।



कपिल देशलहरा

आयोजन समिति अध्यक्ष केपी खण्डे, प्रवक्ता चेतन चंदेल, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. सुरेंद्र कुर्रे एवं जिलाध्यक्ष सतनामी समाज धमतरी कपिल देशलहरे ने बताया कि प्रतिभागियों के पंजीयन हेतु कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही तीन अलग-अलग विशेष काउंटर खुले रहेंगे जहां अविवाहित नवयुगल प्रतिभागियों के अलावा समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त महिला पुरुष भी अपना पंजीयन करवा सकेंगे। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी या उनके परिजनों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। कार्यक्रम में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जा रहा है।

# पुल बनने के इंतजार में डूब प्रभावित

■ लंबा रास्ता हो जाएगा कम, सर्वे के बाद रूका हुआ है काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



स्वीकृति और सर्वे के बाद चिखली से माटेगहन तक बनने वाले पुल की फाइल अटक गई है। अब तो निर्माण सामग्रियों के दाम बढ़ गए हैं। ऐसे में पुल की लागत भी बढ़ गई है। इस पुल के निर्माण के लिए अतिरिक्त बजट मांगने की तैयारी है।

जीवनदायिनी महानदी पर बना गंगरेल बांध आज धमतरी ही नहीं कई जिलों में खुशहाली और सम्पन्नता बांट रहा है। खेतों में सिंचाई, उद्योग, पेयजल, निस्तारी सहित अन्य जरूरतों को भी गंगरेल बांध आसानी से पूरा कर रहा है, लेकिन गंगरेल बांध के निर्माण में जिन डुबानवासियों ने सबसे बड़ा योगदान दिया है, बांध बनने के बाद उनकी मुसीबत बढ़ गई है। पहले डुबान क्षेत्र से 10-12 किमी का सफर तय कर लोग धमतरी पहुंच जाते थे। बांध बनने के बाद रास्ता बंद हो गया और लोगों को चारामा की ओर से घूमकर धमतरी आना पड़ता है। उन्हें धमतरी आने के लिए 60-70 किमी सफर तय करना पड़ रहा है। डूब प्रभावितों की इस समस्या को दूर करने के लिए शासन ने चिखली से मुसकेरा तक उच्चस्तरीय पुल की स्वीकृति दी है। इस पुल के निर्माण से धमतरी तक आने के लिए डूब प्रभावितों को 25-30 किमी दूरी तय करनी होगी। इस पुल के निर्माण के लिए बजट में प्रावधान भी रखा गया। पुल निर्माण के लिए वृहद स्तर पर सर्वे भी किया जा चुका है।

विडंबना यह है कि कई महीनों से इस पुल की फाइल अटक गई है। अब तो निर्माण सामग्री के दाम भी काफी बढ़ गए हैं। ऐसे में प्रस्तावित बजट में इस पुल का निर्माण संभव नहीं है। जनप्रतिनिधियों ने अतिरिक्त बजट देकर पुल निर्माण का काम शीघ्र शुरू करने की मांग की है।

### पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

गंगरेल के डुबान क्षेत्र में आंखों को सुकून देने वाले नजारों की कमी है। पानी से लबालब तट समुद्र जैसा अनुभव कराता है। सम्पन्न जंगल, समृद्ध संस्कृति से यह क्षेत्र भरापूरा है। मनकेशरी मंदिर, गांधी मंदिर सहित कई लोकेशन हैं जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं, लेकिन यहां पहुंचने का रास्ता दुर्गम है, जिसके चलते पर्यटक यहां पर नहीं जा पा रहे हैं। जिला पंचायत की पूर्व सदस्य श्यामादेवी साहू ने इस पुल के लिए आवाज उठाई थी। उन्होंने बताया कि यह पुल ओन्हाकोन्हा के पास ग्राम चिखली से शुरू होगा, जो डुबान क्षेत्र के ग्राम मुसकेरा तक जाएगा। इस पुल के बनने से ग्रामीण राजाराव पठार होते हुए धमतरी पहुंच सकेंगे। यही नहीं खिरकीटोला, तुमड़ाबहार, विश्रामपुरी होते हुए वे धमतरी पहुंच सकेंगे। उन्होंने बताया कि इससे चारामा, कांकेर और बालोद जिला को भी लाभ मिलेगा। गंगरेल पर्यटन को एक नया आयाम मिलेगा।

## स्कूल में बनाए गए किचन गार्डन हो गए बदहाल, छात्रों को नहीं मिल रही ताजी सब्जियां

# जहां से उड़ती थी सब्जियों की खुशबू, वहां अब घासफूस के जंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



किचन गार्डनों के उजाड़ होने के बाद स्कूली छात्रों को हरी सब्जियां मिलनी बंद हो गई है। फिर से मार्केट की सब्जियों के भरोसे मध्यान्ह भोजन चल रही है। अब तो सब्जियों के दाम भी काफी बढ़ गए हैं। ऐसे में मध्यान्ह भोजन का संचालन करने वाली समितियों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

सभी सरकारी प्राइमरी और मिडिल स्कूल में मध्यान्ह भोजन का संचालन किया जाता है। आए दिन ग्रामीण क्षेत्रों से मध्यान्ह भोजन में खराब सब्जी खिलाने की शिकायत आती रहती है। इस समस्या को देखते हुए शासन ने किचन गार्डन का कांसेप्ट लाया। इसके लिए स्कूलों की खाली जमीन का उपयोग किया गया। इस जमीन को किचन गार्डन के रूप में डेवलप करने के लिए इधर-उधर से फंड जुगाड़ किया गया। उद्यानिकी विभाग ने सब्जी बीज मिनीकिट सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की। ये किचन गार्डन कुछ ही दिन चले। इसके बाद उजाड़ हो गए। लंबे समय से उजाड़ पड़े इन किचन गार्डनों को फिर से डेवलप करने के लिए कई बार प्रयास किया गया, लेकिन पूर्ण रूप से सफलता नहीं मिली। ग्राम खपरी में तो दो साल पहले जनवरी माह में जोर-शोर से किचन गार्डन का शुभारंभ किया गया। सब्जियां भी भरपूर उगाई गईं। कुछ दिन में ही मध्यान्ह भोजन का संचालन करने वाली समिति के सदस्यों के बीच खींचातानी के चलते सदस्यों ने किचन गार्डन की ओर ध्यान देना ही बंद कर दिया। कभी जो किचन गार्डन सब्जियों की खुशबू से महकता था, आज उजाड़ हो गई है। यहां पर घासफूस के अलावा कुछ नहीं है। जिले के अधिकांश स्कूलों के किचन गार्डनों की यही स्थिति है। केवल कुछ ही स्कूल किचन गार्डन हैं, जहां आज भी सब्जियां उगाई जा रही हैं। शकरवारा, धौराभाठा सहित कई स्कूलों में शिक्षक, छात्र और समिति के सदस्यों ने किचन गार्डन को बेहतर ढंग से मेंटेन करके रखा है।

### 968 स्कूलों में बना था किचन गार्डन

जिले में कुल 1355 प्राइमरी और मिडिल स्कूल हैं, जहां पर मध्यान्ह भोजन संचालित होता है। इसमें से 968 स्कूलों में किचन गार्डन डेवलप किया गया था। 383 स्कूल ऐसे हैं, जहां पर जमीन, पानी आदि की कमी के चलते किचन गार्डन नहीं बनाया जा सका। सबसे ज्यादा किचन गार्डन नगरी ब्लाक के स्कूलों में बनाया गया। यहां पर कुल 402 स्कूलों में किचन गार्डन हैं। धमतरी ब्लाक में 282 स्कूलों मे, कुरूद में 169 और मगरलोड के 115 स्कूलों में किचन गार्डन बनाया गया था।

### बढ़ा आर्थिक बोझ

वर्तमान में सब्जियों के दाम आसमान पर हैं। मध्यान्ह भोजन का संचालन स्वसहायता समितियां करती हैं। किचन गार्डन से सबसे बड़ा आर्थिक लाभ मध्यान्ह भोजन संचालित करने वाली समितियों को मिल रहा था। किचन गार्डन बंद होने से इन समितियों को फ्री में हरी सब्जियां मिलनी बंद हो गई हैं। अब उन्हें बाजार से सब्जियां खरीदनी पड़ रही हैं। इसके अतिरिक्त छात्रों को ताजी और विभिन्न वैरायटी की सब्जियां खाने को मिल रही थी जिससे उनकी सेहत में सुधार आ रहा था।

## खबर संक्षेप

### साल के अंतिम दिन न मदिरा छलके न डीजे बजे तिरिया में

**जगदलपुर।** माचकोट, तिरिया वन क्षेत्र में वन ग्राम तिरिया में शबरी नदी के किनारे युवाओं ने बम्बू राफ्टिंग शुरू किया है। जिसके चलते यह स्थल पर्यटन की दृष्टि से लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया है। छत्तीसगढ़ और ओडिशा के पर्यटक बड़ी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं। 2025 के अंतिम दिन 31 दिसम्बर को तिरिया में न किसी तरह का मदिरापान किया गया न ही डीजे बजा। जबकि बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। जहां भोजन पकाकर दोस्तों और परिवार के साथ नए साल के पहले जश्न जैसी स्थिति रही। वन समिति ने यहां मदिरा पीने पर 5 हजार रुपए का जुर्माना तय किया है। गेट और पेड़ों पर सूचना लगाई गई है। डीजे भी नहीं बजाने को कहा गया है यही कारण है कि यहां साल के अंतिम दिन किसी तरह का कोई मदिरापान नहीं हुआ।

### विक्रेता अदा करेगा वाशिंग मशीन की अतिरिक्त ली गई राशि

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में आवेदक को वाशिंग मशीन विक्रेता द्वारा अतिरिक्त प्राप्त की गई भुगतान राशि 1675 रुपए एवं एक्सचेंज की गई पुरानी मशीन की कीमत 1500 रुपए तथा मानसिक पीड़ा हेतु 3000 पृथक से अदा करेगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया। फोरम सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी डॉ. एके पांडे द्वारा शहर के महावीर कम्युनिकेशन से एक ऑटोमेटिक वाशिंग मशीन क्रेडिट कार्ड ऑफर के अंतर्गत क्रय की गई थी। जिसका मूल्य आवेदक को कम बताया गया था पर किस्तों का निर्धारण होने पर आवेदक से अतिरिक्त धनराशि प्राप्त की गई थी। वाशिंग मशीन विक्रेता के पास एक्सचेंज की गई पुरानी वाशिंग मशीन की कीमत भी आवेदक को अदा नहीं की गई थी।

## निधन

### श्रीमती प्रमिला जगताप

**धमतरी।** श्रीमती प्रमिला जगताप का आकस्मिक निधन हो गया।



उन्होंने 95 वर्ष की आयु में अपने निज निवास मराठापारा वार्ड में अंतिम सांस ली। वह पूर्व जनपद अध्यक्ष बृजेश जगताप, राजेश जगताप की माता थीं। अंतिम यात्रा आज प्रातः 10 बजे शांतिघाट के लिए निकलेगी।

---

लगभग डेढ़ सौ साल पुरानी मान्यता के मंदिर में दूर-दूर से माथा टेकने आएंगे श्रद्धालु

# सिर्री में तीन को सजेगा गड़भेड़ा बाबा का दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

स्वच्छ निर्मल जल से आच्छादित उतंग टीला बरबस लोगों का मन मोह लेता है। मन्दिर चारों तरफ प्राकृतिक छटा से बिखरा और पानी से घिरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि इस तालाब का पानी कभी नहीं सुखता। प्रतिवर्ष कमल की नई पंखुड़ियां खिलते हुए देखी जा सकती है। ग्राम सिर्री के गड़भेड़ा बाबा का मेला पौष माह की छेरछेरा पूर्णिमा पर 3 जनवरी शनिवार को लगेगा। समीपस्थ एवं दूरदराज से भी श्रद्धालु अपनी मन्नत मांगने बाबा के द्वार तक पहुंचते हैं। छेरछेरा पूर्णिमा एवं दीपावली में प्रत्येक घर से इस मंदिर में दीप जलाने भक्तों की भीड़ पहुंचती है। गड़भेड़ा बाबा का मठ मंदिर रायपुर- धमतरी





राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 कोड़ेबोड़ एवं बिरेझर से 5 किमी पूर्व दिशा ग्राम सिर्री में है।

किवदंती है कि लगभग डेढ़ सौ साल पहले ग्राम सिर्री में एक साधु आए। वह कहां से आया, क्यों आया किसी को पता नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के बाहर पश्चिम दिशा में एक स्थान पर बाबा साधना में लीन रहते थे। कुछ दिन बाद वे गायब हो गए। उस स्थान पर बाबा का कुछ सामान एवं मठनुमा मिट्टी का ढेर पाया गया। तब से सिर्री के ग्रामीण वहां मंदिर बनाकर उन्हें गड़भेड़ा बाबा के नाम से पूजने लगे। मन्दिर स्थल पर कई दशक पुराने बहेरा के दो वृक्ष आज भी मौजूद हैं।

### मेले की तैयारी अंतिम चरण पर

मेले की तैयारी में गड़भेड़ा बाबा विकास समिति एवं ग्रामीण जुटे हैं। 3 जनवरी को रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक लोक कला मंच महतारी के कोरा देउरगांव जिला बेमेतरा की प्रस्तुति होगी।

### तालाब के टापू पर विराजित हैं सिर्री के आराध्य देव

बाबा का मंदिर गांव के बाहर पश्चिम दिशा में तालाब के टापू पर निर्मित है। ग्रामीणों के मुताबिक गड़भेड़ा तालाब का पानी कभी नहीं सूखता है। ग्रामीणों का कहना है कि बाबा की पूजा करने से उसका फल अवश्य मिलता है।

### बुजुर्गों की वर्षों पुरानी मान्यता

ग्रामीण मोहन लाल घिवरिया शिक्षक 77 वर्ष, राजकुमार ध्रुवंशी 75 वर्ष, विष्णु देवांगन 73 वर्ष, नंदूराम ध्रुवंशी 59 वर्ष, बहारू ध्रुव 84 वर्ष, गोविंद साहू 80 वर्ष सहित अन्य बुजुर्गों का कहना है कि बाबा के मंदिर परिसर में मौजूद बहेरा के वृक्षों को बुजुर्गों द्वारा जिस स्थिति में देखा गया था, वह आज भी उसी तरह विशाल बना हुआ है। बुजुर्गों का कहना है कि उनके पिता सहित परिजनों के माध्यम से जानकारी मिली कि बाबा सफेद घोड़े पर सवार होकर घुंघरू की आवाज के साथ भ्रमण करते थे। बाबा गांव के आराध्य देव के रूप में माने जाते हैं।

### अखंड रामायण के साथ होगी मानस यज्ञ की पूर्णाहुति

छेरछेरा पूर्णिमा पर लगने वाले मेले की तैयारी में गड़भेड़ा बाबा मंदिर परिसर की सफाई की जा रही है। ग्राम फुसेरा के शिक्षक रमाकांत साहू द्वारा मंदिर परिसर में विभिन्न प्रकार के फूल के पौधे लगाकर परिसर को सजाया जा रहा है। आयोजन में गड़भेड़ा बाबा विकास समिति के सदस्यों सहित ग्रामीणों की अहम भूमिका रहती है। मेले के पहले दिन 2 जनवरी शुक्रवार की संध्या 4 बजे से अखंड रामायण का पाठ 24 घंटे किया जायेगा जो 3 जनवरी की संध्या 5 बजे मानस महायज्ञ के साथ पूर्णाहुति की जायेगी।

---

# तहसीलदार ने किया धान खरीदी केंद्र उमरगांव का औचक निरीक्षण

- किसानों की समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

तहसीलदार नगरी चुम्मन लाल ध्रुव ने ग्राम उमरगांव में स्थित धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की। उन्होंने सीधे किसानों के पास पहुंचकर उनके धान की स्थिति जानी और खरीदी से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। तहसीलदार ने किसानों को आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल उच्च कार्यालय को सूचित करें ताकि समय रहते समाधान किया जा सके।

इस दौरान कुछ किसानों ने एग्रीस्टेक पंजीयन के बाद भी टोकन नहीं कटने की समस्या से अवगत



कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार ने धान खरीदी केंद्र प्रभारी सोहन पटेल को निर्देशित किया कि वे इस संबंध में तत्काल उच्च कार्यालय को पत्र प्रेषित करें और समस्या का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान खरीदी केंद्र के सभी दस्तावेजों की भी गहन जांच की तथा कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए कार्यप्रणाली में पारदर्शिता व समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार नगरी भी साथ थे।

इस अवसर पर सुरेश मरकाम पूर्व सरपंच, केशवदास मानिकपुरी, थानसिंह नाग, दुर्गेश साहू, भुनेश्वर साहू, चैनसिंह नाग, रामरतन ध्रुव, गुलाब भंडारी, प्रमोद ध्रुव, विवेक गिरी गोस्वामी कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

## बोड़रा स्कूल ने सामुदायिक सहभागिता में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

विकासखण्ड के माध्यमिक शाला बोड़रा ने वर्ष 2025 में नवाचार, शैक्षणिक गुणवत्ता और सामुदायिक सहभागिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर जिले ही नहीं बल्कि राज्य स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। विद्यालय के नवाचारी शिक्षण प्रयास, प्रभावी अंग्रेज़ी पठन-पाठन, सशक्त भाषा शैली, प्रिंट-रिच कक्षाएं, आकर्षक एवं हरियालीयुक्त परिसर ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

विद्यालय का स्वच्छ वातावरण, दीवारों पर बने शिक्षाप्रद चित्रांकन तथा रचनात्मक गतिविधियां आगंतुकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनीं। वर्ष 2025 के दौरान बस्तर, सिंगपुर संकुल, मेघा संकुल, मगरलोड, अमलीडीह, कोंडागांव, पहन्दा, बोरसी, दुगली, धमतरी, अंतागढ़, महासमुंद एवं जशपुर सहित अनेक जिलों से शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं प्राचार्य शाला अवलोकन हेतु पहुंचे। कटघोरा के डीएसपी, जगदलपुर से अपर कलेक्टर, जिला पंचायत धमतरी के सीईओ, जनपद सीईओ, टीआई नगरी तथा जेएनयू दिल्ली के शोधार्थियों ने भी विद्यालय का अवलोकन किया।

# पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, नागरिकों में सुरक्षा की भावना होगी मजबूत

- नववर्ष पर रहेगी हुड़दंगियों पर नजर, कानून व्यवस्था से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नववर्ष 2026 के स्वागत को लेकर जिले में शांति, कानून-व्यवस्था एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में



फ्लैग मार्च निकाला गया।

यह फ्लैग मार्च एसडीओपी कार्यालय बजरंग चौक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों, बस स्टैंड सहित भीड़भाड़ वाले इलाकों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीओपी विपिन रंगारी ने किया। इस दौरान एसडीएम प्रीति दुर्गम, तहसीलदार चुम्मन लाल धुव, थाना प्रभारी चक्रधर बाग, सिहावा थाना प्रभारी ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान उपस्थित थे। पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने नगर के संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के माध्यम से आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई, वहीं असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश दिया गया कि कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि नववर्ष के दौरान क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द्र बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# ग्रामीण युवाओं को मिला कौशल विकास का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बगरूमनाला में बड़ौदा आरसेटी धमतरी के तत्वावधान में राजमिस्त्री मसूरी एवं कांक्रीट वर्क का 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण 6 जनवरी 2026 तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भवन निर्माण से संबंधित आधुनिक तकनीकी ज्ञान प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार व



रोजगार के अवसरों से जोड़ना है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ईंट चुनाई, प्लास्टर वर्क, सरिया डिजाइन, सेंट्रिंग कार्य, फाउंडेशन वर्क सहित निर्माण सामग्री की जानकारी, सुरक्षा उपाय तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में ग्राम एवं आसपास के क्षेत्र से चयनित बड़ी संख्या में युवक-युवतियां भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण को लेकर ग्रामीण युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिससे उन्हें निर्माण क्षेत्र में बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

## विजडम अकादमी से तीन युवाओं का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

विजडम अकादमी सिहाद से तीन युवाओं का छत्तीसगढ़ सेवा के लिए चयन हुआ है। लक्ष्मी छत्तीसगढ़ पुलिस, दानेश्वर भारतीय सेना में नर्सिंग सहायक और जागृति छत्तीसगढ़ पुलिस में चयनित हुए। कोच राजेश पटेल एवं विवेक साहू ने युवाओं के चयन होने पर हर्ष व्यक्त किया है।

ग्रीष्मकालीन धान की खेती में लगभग 38 प्रतिशत गिरावट आई

# दलहन-तिलहन फसल की तरफ बढ़ रहा किसानों का रुझान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल, जिला प्रशासन और कृषि विभाग के प्रयास से जिले में फसल चक्र परिवर्तन, गिरते भू जल स्तर को संरक्षित करने में लगातार कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में कुरूद विकासखंड के ग्राम बगौद में विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष रबी फसल में दलहन तिलहन फसल की खेती में उल्लेखनीय वृद्धि हुई हैं। यह वृद्धि किसानों की बढ़ती रुचि और सरकारी योजनाओं का परिणाम हैं। दलहन फसल में मुख्यतः चना फसल में लगभग 52 प्रतिशत रकबे में वृध्दि हुई है। किसानों में ग्रीष्मकालीन धान से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूकता आई है जिसका परिणाम यह देखने को मिला है। विगत वर्ष





की तुलना में ग्रीष्मकालीन धान की खेती में लगभग 38 प्रतिशत गिरावट आई है। ग्रीष्मकालीन धान की खेती से पानी (भूजल स्तर में गिरावट) का अत्यधिक दोहन, मिट्टी की उर्वरता में कमी, कीट-रोगों का बढ़ना और फसल चक्र का टूटना जैसे बड़े नुकसान होते हैं,। इससे किसानों की लागत बढ़ती है और आर्थिक व पर्यावरणीय समस्याएं पैदा होती हैं। फसल चक्र परिवर्तन किसानों को एक नई दिशा प्रदान करेगी जिससे न केवल उत्पादन बढ़ेगा बल्कि किसान आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। प्रशासन ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री अन्नदाता खाद्य संरक्षण अभियान प्राइस सपोर्ट स्कीम पीएसएस के तहत चना, उड़द, मूंग, सरसों आदि फसलों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी किसानों को एकीकृत किसान पोर्टल में अपने बोई गई फसल का पंजीयन संबंधित सहकारी समिति में करवाना होगा। कुरूद विकासखंड में खरीदी हेतु 3 उपार्जन केंद्र कुरूद, भखारा और कातलबोड़ बनाए गए हैं। क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आदित्य मेश्राम ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा मिशन बीज ग्राम योजना अंतर्गत किसानों को चना गेहूं का बीज भी उपलब्ध कराया गया जो किसानों के लिए प्रोत्साहन का मार्ग बना। प्राकृतिक क्षति से बचने फसल बीमा करवाया जा रहा है।

(आदेश 05 नियम 20 सी.पी.सी. के अंतर्गत)
न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 धमतरी जिला-धमतरी छ.ग.

//आम सूचना//

[illegible]

(श्रीमती तनुश्री गवेल)
न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग.)

## अंचल की खबरें

### पंथी प्रतियोगिता में दतरेंगा ने मारी बाजी



**अंवरी।** ग्राम अंवरी में 25 एवं 26 दिसम्बर को पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग से प्रथम जय सतनाम बालक दास पंथी पार्टी ग्राम दतरेंगा रायपुर को 5051 रु एवं शील्ड, दूसरे स्थान पर जय सतनाम चारों धाम पंथी पार्टी ग्राम गबदी पाटन को 3333 रु एवं शील्ड , तीसरे स्थान पर रही जय सतनाम सरगम पंथी पार्टी ग्राम पलौद नया रायपुर को 2222 रु एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। महिला वर्ग में प्रथम जय मानी माता बालिका पंथी पार्टी उत्तर बस्तर कांकेर, द्वितीय राजा गुरु बालकदास बालिका पंथी पार्टी डुण्डेरा जिला दुर्ग, तृतीय जय सतनाम महिला पंथी पार्टी ग्राम मजरकट्टा को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में समिति के अध्यक्ष मूलचंद चंदेल, उपाध्यक्ष तोरण बघेल, कोषाध्यक्ष मनोहर गायकवाड़, सचिव हीराधर गायकवाड़, धर्मेन्द्र लहरे, दुखितराम लहरे, सहदेव मारकंडे समेत ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### पेंशनर्स समाज ने मनाया 31वां स्थापना दिवस



**नगरी।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी का 31वां स्थापना दिवस साहू सदन में मनाया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्तजनों के सम्मान, सामाजिक एकता और जागरूकता का सुंदर संगम देखने को मिला। मुख्य अतिथि प्रांताध्यक्ष चेतन भारती रायपुर रहे, जबकि अध्यक्षता आरएल देव ने की। विशिष्ट अतिथि महेश गोटा, हृदय साहू, बलजीत छाबड़ा, विकास बोहरा, होरीलाल साहू, एएल बनपेला एवं वरिष्ठ पेंशनर ऋषिराम कंचन थे। इस अवसर पर 80 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठ पेंशनर्स स्व. केएस श्रीमाली, श्रीमती सुशीला गुप्ता, श्रीमती चंदाबाई ढीढी, एलएल नाग, एचएल साहू, सुखराम सिन्हा, जगदीश राम साहू, रामरतन यादव, गुहरूराम कोसरिया एवं श्रीमती बुधिया बाई ध्रुव को शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुति में सुशीला सोनी के स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया।

### वार्ड क्रमांक 4, 7 में बनेगा सीसी रोड, हुआ भूमिपूजन



**अंवरी।** भखारा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 4, 7 के पास मां शाकंभरी भवन (पटेल समाज भवन) के सामने सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन ज्योति जैन अध्यक्ष, नगर पंचायत भखारा एवं छबिलाल निर्मलकर पार्षद ने किया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जैन ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार नगर पंचायत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीसी कांक्रीट निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि बरसात के मौसम में होने वाली समस्याओं से भी नागरिकों को राहत मिलेगी। वार्ड पार्षद छबिलाल निर्मलकर ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से सामाजिक भवन तक पहुंच आसान होगी तथा आसपास के रहवासियों को सुविधा मिलेगी। मरार पटेल समाज अध्यक्ष सियाराम पटेल ने कहा कि इस सड़क निर्माण से समाज के साथ-साथ पूरे क्षेत्र को लाभ मिलेगा। मौके पर सुरेंद्र पटेल, सतीश पटेल, बबलू पटेल, कार्तिकेय पटेल, योगेन्द्र पटेल, गोवर्धन पटेल, धनेश्वरी पटेल, सेवतीबाई, नम्मूलाल साहू सहित अनेक वरिष्ठजन उपस्थित थे।

### अमलीडीह स्कूल में कराया गया न्योता भोज



**अमलीडीह(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह में जन्मदिन के अवसर पर टेकराम साहू पंच व अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति द्वारा प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर सरपंच नेमीन साहू, पोखन यादव और तीनों संस्था के प्राचार्य अनीता साहू, नेताम मेडम, वायके, धनेश्वरी, दुष्यंत यदु, श्री पटेल, पांडे मेडम उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### शिविर में 33 लोगों ने किया रक्तदान





**अंवरी।** कुमारी मोनिका साहू की स्मृति में गांधी चौक ग्राम खुरसेंगा में रक्तदान शिविर का आयोजन 28 दिसंबर को किया गया जिसमें 33 लोगों ने रक्तदान किया। मोनिका फाऊंडेशन द्वारा रक्तदान दाताओं को हेलमेट एवं गीता ग्रंथ देकर सम्मानित किया गया।

### विद्यार्थियों ने गन्ना से शक्कर बनने की क्रिया विधि देखी



**धमतरी।** अंजुमन हॉयर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए बालोद जिले में स्थित शक्कर कारखाना (करकाभाट) ले जाया गया। छात्र-छात्राओं ने गन्ना से शक्कर बनने की क्रिया विधि देखी एवं शक्कर बनाने की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। उसके बाद छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए बालोद जिले में ही स्थित सियादेही पर्यटन स्थल ले जाया गया, जहां पर छात्र-छात्राओं ने झरना व गुफा का भ्रमण किया। उसके बाद तांदुला रिसोर्ट ले जाया गया जहां पर सभी ने बोटिंग की। शैक्षणिक भ्रमण पर शाला के प्रशासक सैयद असदुल हुसैन, प्राचार्य श्रीमती शबाना खान, उपप्राचार्य अब्दुल सत्तार खान, मंजू देवांगन, सरोज शिंदे, भारती सिन्हा, डिगेश्वर गजेन्द्र, नाजमा शेख, चित्रकुमार ध्रुव समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### नत्थूजी जगताप स्कूल के छात्रों ने जिला अस्पताल में इंटर्नशिप प्रशिक्षण लिया



**धमतरी।** व्यावसायिक शिक्षा प्रणाली अंतर्गत शासकीय नत्थूजी जगताप नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित हेल्थ केयर ट्रेड के कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों ने दस दिवसीय इंटर्नशिप हेतु जिला अस्पताल में प्रशिक्षण लिया। हेल्थ केयर प्रशिक्षिका ऑलिविया नेताम के दिशा निर्देश में इंटर्नशिप कराई गई। अस्पताल में विद्यार्थियों को सामान्य बीमारियों के कारण एवं उनकी रोकथाम के बारे में बताया गया। स्टाफ नर्स द्वारा छात्रों को प्राथमिक उपचार व्यक्तिगत स्वच्छता के विषय में जानकारी दी गई। हमर लैब के प्रमुख लैब टेक्निशियन ने छात्रों को खून जांच के अलावा विभिन्न प्रकार की जांच के बारे में बताया। छात्रों ने मरीजों की देखभाल करना, महत्वपूर्ण संकेत लेना, ड्रेसिंग करना इत्यादि कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इंटर्नशिप के दौरान छात्रों को कार्य के प्रति उत्सुकता एवं सक्रियता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अस्पताल प्रबंधन ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शाला प्राचार्य श्रीमती नवीता तिवारी के प्रोत्साहन में इंटर्नशिप संपन्न कराई गई।

### सशिमं उमावि से अग्निवीर का हुआ सम्मान



**धमतरी।** सशिमं उमावि आमातालाब धमतरी के सन 2021-22 के 12वीं बैच के छात्र राहुल राव का अग्निवीर में चयन होने पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य श्रीमती खेमीन साहू द्वारा श्रीफल एवं शाल भेंटकर अग्निवीर जवान का सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि मैंने अपने छात्र जीवन में संकल्प ले लिया था कि मुझे देशसेवा के लिए फौज में भर्ती होना है। इसके लिए मैने प्रतिदिन प्रातः रूद्री खेल मैदान में मार्गदर्शक के मार्गदर्शन में घण्टों अभ्यास किया। अपने गुरूजनों एवं माताजी के आशीर्वाद से कामयाबी हासिल की। मेरी नियुक्ति लद्दाख एवं लेह क्षेत्र में हुई है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप अपना लक्ष्य निर्धारित कर खूब पढ़ाई करे और विभिन्न खेलकूद में भाग लेते रहे। इस सफलता पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सचिव डॉ. रवि शॉडिल्य, उपाध्यक्ष ऋषिकांत सिन्हा, सहसचिव ईशु नाग, कोषाध्यक्ष महावीर श्रीश्रीमाल एवं आचार्य परिवार ने प्रसन्नता जाहिर की। यह जानकारी मीडिया प्रभारी केवलसिंह साहू ने दी है।

### घासीदास जयंती समारोह में शामिल होने कैबिनेट मंत्री एवं विधायक को दिया आमंत्रण



**मगरलोड।** सतनामी समाज करेली बड़ी के एक प्रतिनिधि मंडल ने कैबिनेट मंत्री खुशवंत साहेब एवं कुरुद विधायक अजय चंद्राकर से रायपुर निवास में मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने ग्राम करेली बड़ी में 4 जनवरी को आयोजित नवनिर्मित जैतखाम में पालो चढ़ाने एवं संत गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल होने आमंत्रण दिया। मंत्री और विधायक ने आमंत्रण स्वीकार कर कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया । मौके पर सतनामी समाज के युवा प्रमुख कोमल संभाकर, नारायण अणेश्वरी सतनामी समाज अध्यक्ष करेली बड़ी, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी करेली बड़ी, नरेश भारती, संतोष मांडे, मेघराज मारकंडे, वीरेंद्र सोनवानी, हनुमान प्रसाद सोनवानी, लोकपाल बघेल, नितेंद्र भारती युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष करेली बड़ी, कृपा बघेल, धीरज लहरे उपाध्यक्ष अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ मौजूद रहे।

भाजपा सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, तहसीलदार को सीएम-मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा

# रावणभाठा मैदान से कर्मचारियों ने निकाली जंगी रैली





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक नगरी द्वारा अपनी ग्यारह सूत्रीय लंबित मांगों के निराकरण को लेकर तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जा रहा था। तीसरे दिन बुधवार को धरना स्थल रावणभाठा मैदान से कर्मचारियों ने जंगी रैली निकालते हुए बस स्टैंड, बजरंग चौक होते हुए तहसील कार्यालय नगरी पहुंचकर तहसीलदार चुम्मन लाल ध्रुव को मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया। रैली और सभा में विधायक अंबिका मरकाम एवं पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव भी शामिल हुए, जिन्होंने कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन देते हुए भाजपा सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। फेडरेशन पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों एवं अधिकारियों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषय वर्षों से लंबित हैं, जिनका शीघ्र निराकरण आवश्यक है। प्रमुख मांगों में समयमान वेतनमान, पदोन्नति, स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता, लंबित एरियर्स का भुगतान, नियमितीकरण तथा संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्थायित्व प्रदान करना शामिल है। फेडरेशन ने आरोप लगाया कि शासन द्वारा पूर्व में दिए गए आश्वासनों के बावजूद अब तक ठोस निर्णय नहीं लिए गए हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। यदि शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की गई तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जायेगा।

इस अवसर पर ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, बीपी चंद्रा, दिनेश साहू, महेंद्र बोर्झा, गिरीश जायसवाल, सुरेंद्र साहू, अनीत ध्रुव, यशवंत साहू, जोहन नेताम, बुधराम नेताम, अशोक साहू, अमित नागेश, रोहित ध्रुव, नरेंद्र नेताम, चित्रसेन ध्रुव, संजीव निर्मलकर, नीरज सोन, तुलसी ध्रुव, पूर्णिमा सोम, सुनीता ध्रुव, कामिनी बघेल, केसरी साहू, सुषमा तारम, सुरेश ध्रुव, लोकेश्वर सुरेशा, महेश मरकाम, लोचन साहू, मदन सेन, रामकुमार ध्रुव, सत्यभान कंचन, संजय रेड्डी, मंशाराम साहू, शिकारी साहू, टेकराम ठाकुर, खम्मन गंजीर, प्रीतम मंडावी, हरीश खत्री, मोहरलाल पटेल, शेष सोम, राजेंद्र साहू, सुनीता मंडावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से आध्यात्मिक उन्नति होती है : कविता



- धौराभाठा में आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम में शामिल हुईं जिपं सदस्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम धौराभाठा में जय मां शीतला युवा प्रकोष्ठ महिला समूह एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कथा के षष्टम दिवस महारास लीला, सुदामा चरित्र एवं कृष्ण रुक्मणि विवाह के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर भी पहुंची। कथावाचक गौरव शर्मा महाराज द्वारा ग्राम वासियों को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। इस अवसर पर श्रीमती बाबर ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा की रचना महर्षि वेद व्यास ने की थी जिसके अंदर 335 अध्याय, 18000 श्लोक व बारह स्कंध हैं। श्रीमद्भागवत ग्रंथ को सभी ग्रंथ का सार माना गया है। इसमें भगवान की सभी लीलाओं का वर्णन मिलता है।

श्रीमद्भागवत ग्रंथ मोक्षदायिनी ग्रंथ है। राजा परीक्षित को इस कथा को सुनने के बाद ही मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। प्राणी जगत में इसे सुनने से मुक्ति प्राप्त होती है। मन का शुद्धिकरण भी इस कथा के श्रवण एवं वाचन से होता है। भागदौड़ भरी ज़िंदगी में से कुछ समय निकालकर हमें इसका श्रवण, पठन करना चाहिए। मौके पर पूर्व बालोद मंडी अध्यक्ष सुल्तानराव पवार, जनपद सदस्य ब्रजेश जगताप, संजय साहू, जयनारायण उइके, शिव कुमार ध्रुव, गोपाल साहू, बल्ला ध्रुव समेत आयोजन समिति के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## फ्लैग मार्च निकालकर दिया सुरक्षा का संदेश



- नव वर्ष पर शांति व्यवस्था बनाए रखने जिला व पुलिस प्रशासन एवं ननि ने किया पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नव वर्ष पर जिले में शांति, सौहार्द्र एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने किया। उनके नेतृत्व में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों का वाहन काफिला शहर के प्रमुख मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा इंतजामों का भी जायजा लिया गया। फ्लैग मार्च रक्षित केंद्र से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्र, अंबेडकर चौक, रत्नाबांधा, मकई चौक, सिहावा चौक, बस स्टैंड, अर्जुनी मोड़ होते हुए नहरनाका चौक एवं विंध्यवासिनी मंदिर परिसर तक संपन्न हुआ। पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने पैदल मार्च कर आम नागरिकों को सुरक्षा एवं विश्वास का संदेश दिया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि नववर्ष के मद्देनज़र इस वर्ष फ्लैग मार्च में जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ-साथ नगर निगम को भी सम्मिलित किया गया है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि नए साल का स्वागत शांति, भाईचारे एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मिल-जुलकर करें। पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अड्डेबाजी, गुंडागर्दी, शराबखोरी एवं किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले के संवेदनशील क्षेत्र में नाकाबंदी, रैंडम चेकिंग, गश्ती दलों की तैनाती तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है।

इस अवसर पर सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा, डीएसपी सुश्री मीना साहू, डीएसपी यशकरण दीप ध्रुव, एसडीएम पीयूष तिवारी, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, यातायात प्रभारी, सभी थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल, डीआरजी एवं यातायात पुलिस के जवान उपस्थित रहे।

## मानवता की रक्षा करना हम सभी का दायित्व : रूपेन्द्र

- पुरूर में आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर हुआ हिंदू सम्मेलन, महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य और हिन्दुत्व के विस्तार के उद्देश्य से गुरूर विकासखंड के विभिन्न गांवों में मंडल स्तर पर विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पुरूर में भी हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर राजनांदगांव विभाग के बौद्धिक शिक्षण प्रमुख रूपेन्द्र सिन्हा ने पर्यावरण संरक्षण, स्वावलंबी जीवन शैली एवं नागरिक कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज विश्व अनेक संकटों से जूझ रहा है। ऐसे समय में भारतीय संस्कृति और धर्म के मूल्यों को अपनाकर मानवता की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है।

समाजसेवी नंदकिशोर शर्मा ने सामाजिक समरसता पर विचार रखते हुए कहा कि जाति, भाषा और राजनीति के आपसी संघर्षों ने देश को कमजोर किया है। उन्होंने सभी को जातिगत भेदभाव भुलाकर एकजुट रहने का आह्वान किया और सम्मेलन को हिन्दू जागरण का महापर्व बताया। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय धमतरी की बहन प्राजक्ता ने कुटुंब प्रबोधन एवं नारी शक्ति पर अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की आधारशिला हैं। महिलाओं के सशक्त होने से परिवार और समाज दोनों सुदृढ़ होते हैं। साहू समाज तहसील अध्यक्ष मिथिलेश साहू ने भी सनातन धर्म की रक्षा हेतु समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में रामचरित मानस मंडली चिटौद एवं मानस परिवार रुद्री द्वारा सुंदर पाठ प्रस्तुत किया गया। अंत में भारत माता की आरती की गई। कार्यक्रम का स्वागत भाषण संयोजक द्वारिका कटेन्द्र ने दिया। कार्यक्रम का संचालन वेदप्रकाश कटेन्द्र व आभार प्रदर्शन मंडल पालक मंतराम राजपुरिया ने किया। सम्मेलन में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कर्क पुलिया का निर्माण शीघ्र कराने की मांग



शासन से 30 लाख रूपए की हो चुकी है स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मगरलोड ब्लाक के ग्राम केकराखोली पहुंच मार्ग में स्थित कर्क नाला में पुलिया निर्माण की स्वीकृति के बाद भी काम शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में निराशा है। सरपंच सहित ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र पुल निर्माण की मांग की है।

केकराखोली सरपंच ललितराम नेताम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि केकराखोली पहुंच मार्ग के बीच कर्क नाला है जिसमें रपटा बनाया गया था। वह लंबे समय से टूट गया है। रपटा के टूटने से ग्रामीणों को आवाजाही में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच ने बताया कि पुलिया निर्माण के लिए शासन से 30 लाख रूपए की स्वीकृति हुई है। पीडब्ल्यूडी विभाग में पुलिया निर्माण का टेंडर लगा हुआ है। ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है।


### समेकित फूलोद्यान के लिए अतिरिक्त बोर की मांग

केकराखोली के ग्रामीणों ने एक अन्य आवेदन में कहा है कि ग्राम केकराखोली में समेकित फूलोद्यान के तहत 35 एकड़ क्षेत्र में कार्य स्वीकृत किया गया है जिसके लिए एक बोर उद्यानिकी विभाग द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामीण बिमलेश मंडावी, सुकचंद, शिवलाल, जागेश्वर, रामनाथ ने बताया कि एक बोर से 35 एकड़ क्षेत्र में सिंचाई संभव नहीं है। इसके लिए तीन अतिरिक्त बोर और ड्रीप की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से 3 अतिरिक्त बोर और ड्रीप सिस्टम दिलाने की मांग की है।









**खबर संक्षेप**

### राज्य मार्ग क्रमांक 23 के लिए 102 करोड़ स्वीकृत

**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू के प्रयास से जिले को विकास की बड़ी उपलब्धि मिली है। राज्य मार्ग क्रमांक 23 के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण सड़क खंडों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए राज्य शासन ने लगभग 102 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। पहली परियोजना में मुजगहन से रत्नाबांधा चौक तक सड़क निर्माण हेतु 42.41 करोड़, जबकि दूसरी परियोजना में सिहावा चौक से नहर नाका तक 4 लेन सड़क निर्माण के लिए 59.56 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों से यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी। दुर्घटनाओं में कमी आएगी और व्यापार, कृषि व पर्यटन को गति मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने इसे जिले के विकास की दिशा में अहम कदम बताया है।

### पीएम अजय योजना : ऋण प्रकरण तैयार करने 7 से 28 जनवरी तक लगेंगे शिविर

**धमतरी।** प्रधानमंत्री अनुसूचितजाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) के तहत स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण प्रदान किया जाता है। मुख्य कार्यपालन अधिकार जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी ने बताया कि योजना के तहत ऋण प्रकरण तैयार करने जिले के अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में 7 जनवरी 2026 से 28 जनवरी 2026 तक शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में 18 से 50 वर्ष तक की आयु के ऋण लेने वाले इच्छुक आवेदकों का आवेदन पत्र तैयार किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत करेली बड़ी में 7 जनवरी, कुरूद के ग्राम पंचायत अंवरी में 9 जनवरी, धमतरी के कंडेल में 13 जनवरी, कुरूद के ग्राम पंचायत दरबा में 16 जनवरी, मगरलोड के मोतिमपुर में 19 जनवरी, कुरूद के बंजारी में 23 जनवरी, नगरी के बेलरगांव में 27 जनवरी और ग्राम पंचायत बेलरबाहरा में 28 जनवरी को ऋण प्रकरण तैयार करने शिविर लगाए जाएंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत स्वरोजगार स्थापित करने ऋण राशि न्यूनतम एक लाख रूपये, जिसमें 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रूपये है।

राजनीति में महिलाओं का दिखा खास दबदबा, कांग्रेस-भाजपा दोनों ने ही क्षेत्र को दी तव्वजो

# कुरूद विधानसभा क्षेत्र के लिए उपलब्धियों भरा रहा साल 2025




यशवंत गंजीर ⏭ कुरूद



विधायक अजय की सक्रियता से मिली करोड़ों की सौगात

कुरूद विधानसभा क्षेत्र के लिए वर्ष 2025 उपलब्धियों से भरा रहा, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, औद्योगिक विकास और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य हुए हैं। स्थानीय विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुपूरक बजट में क्षेत्र के लिए कई बड़ी सौगातें दिलाईं।

विधायक अजय चंद्राकर वर्ष भर क्षेत्र में सक्रिय रहे जिनकी बदौलत कुरूद की विकास यात्रा आज एक ठोस मोड़ पर है। कुरूद क्षेत्र में पॉलीटेक्निक कॉलेज, एलएलबी कॉलेज और नर्सिंग महाविद्यालय की स्थापना ने शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोलीं।

स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 100 बिस्तर अस्पताल की सौगात दी गई, जिससे आमजन को बेहतर इलाज स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हुआ। खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्टेडियम एवं खेल अधोसंरचना विकसित की गई। वहीं नगर पालिका का दर्जा दिलाकर प्रशासनिक और विकासात्मक अधिकारों को मजबूत किया गया।

#### साल भर में क्षेत्र को मिली यह बड़ी उपलब्धि

कुरुद कॉलेज में छात्रावास भवन के लिए 2.72 करोड़ मंजूर किए गए। सितंबर 2025 में मुख्यमंत्री ने कृषि महाविद्यालय भवन और छात्रावास का लोकार्पण किया और आईटीआई भवन, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज और लाइवलीहुड कॉलेज भवनों का शिलान्यास भी किया, जिनकी कुल लागत लगभग 27.67 करोड़ है। करेलीबड़ी और भालुझूलन में नवीन औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए 51.32 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। कुरुद नगर पालिका क्षेत्र और भखारा नगर पंचायत क्षेत्र में जल योजना के सुदृढ़ीकरण और नई बस्तियों में पाइपलाइन विस्तार कार्यों के लिए महत्वपूर्ण धनराशि स्वीकृत हुई। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत लगभग 30 करोड़ के 39 कार्यों का लोकार्पण किया गया, जिससे हर घर जल सुनिश्चित हो रहा । 9 नई सड़कों के निर्माण और सुधार कार्यों का शिलान्यास किया गया, जिन पर 119.79 करोड़ खर्च किए जाएंगे, जिससे बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। मगरलोड विकासखंड के भेण्ड्री में 75 लाख की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया गया। कोड़ेबोड़ में सूक्ष्म सिंचाई योजना और महानदी नहर पर क्रॉस रेग्युलेटर निर्माण जैसी सिंचाई परियोजनाओं का भी लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया।

#### यहां की प्रमुख राजनीतिक गतिविधियां

फरवरी 2025 में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा की ज्योति भानु चंद्राकर ने अपने 6 पार्षदों के साथ नपा में अधिकार जमाया जबकि कांग्रेस 9 पार्षद होते हुए विपक्ष की भूमिका में है। भखारा में पूर्ण बहुमत के साथ ज्योति हरख जैन अध्यक्ष बनीं। कुरुद जनपद की 25 में से 22 सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस केवल 3 सीट पर सिमट गई। गीतेश्वरी हेमन्त साहू जनपद अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुईं। बड़ी बात यह रही कि यहां महिलाओं को नेतृत्व करने का मौका दिया गया। वर्ष 2025 में कुरुद विधानसभा क्षेत्र में मुख्य राजनीतिक हलचल त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनावों के इर्द-गिर्द केंद्रित रही है। वहीं भाजपा व कांग्रेस संगठन ने यहां के लोगों को राज्य से लेकर केंद्र स्तर पर कई महत्वपूर्ण पदों से नवाजकर यहां के कार्यकर्ताओं का मान बढ़ाया जिसमें तारिणी नीलम चंद्राकर को कांग्रेस जिला अध्यक्ष का कमान, निरंजन सिन्हा को को-आपरेटिव बैंक का अध्यक्ष व लिली श्रीवास राष्ट्रीय युकां सचिव व लेखराम साहू कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग का समन्वयक नियुक्त करना शामिल है।

#### लोगों को हैं अपने नेता से ये बड़ी अपेक्षाएं

क्षेत्र में हो रही छोटी-बड़ी चोरियां, नशाखोरी, नशीले दवाइयों एवं अवैध शराब की बिक्री के साथ बात-बात में मर्डर जैसी वारदात सामने आने पर लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। सत्तापक्ष के विधायक अजय चंद्राकर व उसकी सरकार से क्षेत्र के लोगों को कई अपेक्षाएं हैं ताकि सामाजिक अपराधों में लगाम लगाई जा सके। बगौद फूड पार्क में में उद्योग की धीमी गति को बढ़ाई जाए जिससे युवाओं को रोजगार मिल सके। एम्स ट्रेनिंग सेंटर का भवन, भखारा में उप पंजीयक कार्यालय व लिंक कोर्ट खोलने, बाईपास सड़क मार्ग के शीघ्र निर्माण की मांग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों की पदस्थापना क्षेत्र की जनता की अपेक्षाएं हैं।

#### नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति का रोडमैप

विकास की अगली छलांग नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर के रोडमैप में कुरूद को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर नगर बनाने की स्पष्ट परिकल्पना है जिसमे सुशासन और पारदर्शिता ,नीलामी, टेंडर और योजनाओं में खुली प्रक्रिया, चौक-चौराहों पर सीसीटीवी नेटवर्क का निरंतर विस्तार, स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के लिए आधुनिक मशीनें और स्थायी डंपिंग ज़ोन, ऊर्जा और रोशनी के लिए सोलर लाइट व बेहतर विद्युत व्यवस्था , खेल व युवा विकास में नए इंडोर स्टेडियम और मौजूदा स्टेडियमों का उन्नयन वहीं प्रशासनिक मजबूती की दिशा में नए नगर पालिका भवन का निर्माण और डिजिटल सेवाएं न केवल वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखता है, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए कुरूद को स्मार्ट और सस्टेनेबल बनाने की दिशा तय करता है।

## ठाकुर अनुकूलचंद्र का जन्म महोत्सव 4 को मनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सत्संगी वृंद द्वारा हरदिहा साहू समाज भवन में 4 जनवरी रविवार को ठाकुर अनुकूलचंद्र का 138वां जन्म महोत्सव मनाया जायेगा। आयोजन की शुरुआत प्रातः 5 बजे वेद मांगलिकी से होगी। इसके पश्चात उषा कीर्तन, सामूहिक प्रार्थना एवं श्रीश्री ठाकुर के अमिय ग्रंथों का पाठ, भक्ति संगीत, नगर कीर्तन और संगीतांजलि जैसे आध्यात्मिक कार्यक्रम होंगे। 11 बजे साधारण सभा के साथ श्री ठाकुर जी के दिव्य जीवन और वाणी पर प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। दोपहर 1 बजे भंडारा प्रसाद तथा उसके बाद संगीतांजलि का आयोजन रहेगा। दोपहर 2.30 बजे मातृ सम्मेलन, शाम 4 बजे शिशु सम्मेलन और संध्या 5.46 बजे सामूहिक प्रार्थना एवं ग्रंथ पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। सत दीक्षा एवं डीपी कार्य की व्यवस्था भी रहेगी।

## आशीष रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



रोटरी इंटरनेशनल की धमतरी इकाई के सभी पूर्व अध्यक्षों द्वारा सर्वसम्मति से रोटेरियन आशीष गोयल को वर्ष 2027-28 के लिए रोटरी क्लब धमतरी के अध्यक्ष पद हेतु मनोनीत किया गया है।

आशीष पूर्व में रोटरी क्लब में सहसचिव एवं कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वे सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हुए समाज के प्रति अपने दायित्वों का निरंतर निर्वहन करते आ रहे हैं। रोटरी क्लब धमतरी के सभी सदस्यों एवं पूर्व अध्यक्षों ने हर्ष जताया है।

## हड़ताल के अंतिम दिन सैकड़ों कर्मचारी अधिकारियों ने आवाज बुलंद की

- 11 सूत्रीय मांगों को लेकर गांधी मैदान में तीन दिन तक डटे रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर आयोजित तीन दिवसीय हड़ताल के अंतिम दिन गांधी मैदान सैकड़ों कर्मचारी-अधिकारी एकत्रित हुए और अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। हड़ताल के चलते जिले तथा विकासखंडों में शासकीय कामकाज पूरी तरह ठप रहा। लगभग सभी विभागों के कार्यालयों में ताले लटके रहे, जिससे लोगों को भटकना पड़ा।

फेडरेशन ने बताया कि यह आंदोलन विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के संकल्प पत्र में किए गए मोदी की गारंटी के कर्मचारी-हितैषी वादों को लागू कराने के लिए किया जा रहा है। प्रमुख मांगों में केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता, एरियर को जीपीएफ में समायोजन, चार स्तरीय समयमान वेतनमान, विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों का निराकरण, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण, नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण, दैनिक-संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण तथा सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने जैसी मांगें शामिल रहीं।

आंदोलन में जिला संरक्षक मुकेश पांडेय, जिला संयोजक चंदूलाल चंद्राकर, एनआर टंडन, दयालुराम साहू, खुमान सिंह ठाकुर, अमित महोबे, राजकुमार सिन्हा, महेंद्र कुमार साहू, संतोष दीवान, पेंशनर्स प्रांत अध्यक्ष यशवंत देवान, राजस्व निरीक्षक प्रांत अध्यक्ष दीपचंद भारती, संयुक्त शिक्षक संघ प्रांत अध्यक्ष ममता खालसा, टीआर नागवंशी, आनंद प्रसाद साहू, जितेंद्र नेताम, भूपेश सिन्हा, शंभूलाल निषाद, उत्तम गंगवीर, अजय पांडेय, शेरखान, मंगलू निर्मलकर, दानेश्वर साहू, प्रीत चंदन गंगेले, वरुण साहू, दीपक सहारे, रामशीला साहू, गणेशिया संभाकर, चमेली नेताम, शिखा श्रीवास्तव, निष्ठा तिवारी, हितेश साहू, मीनाक्षी वर्मा, ज्योति साहू, यंगेश्वर साहू, सुरेश दीपक, संतोष ध्रुव, वासुदेव भोई, संजय तिवारी, योगेंद्र सिन्हा, तुलसी नेताम, अभिषेक श्रोती, प्रवीण टिकरिया, यशवंत सिन्हा, लोकेश साहू, कृपाराम साहू सहित सैकड़ों कर्मचारी दिनभर डटे रहे।

## गुणवत्ताहीन रिक्शा जांच के बाद भुगतान रुका




- डीजल चोरी की जांच रिपोर्ट भी जल्द सार्वजनिक करें : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम द्वारा खरीदे गए 80 नग रिक्शों की गुणवत्ता को लेकर की गई जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद उनका भुगतान रोक दिया गया है। इस मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर सहित कांग्रेस पार्षदों ने महापौर और निगम प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि महापौर हर जिम्मेदारी से बचते नजर आते हैं और हर मामले में पूर्व कांग्रेस कार्यकाल पर दोष मढ़ने का प्रयास करते हैं।

कांग्रेस पार्षदों ने बताया कि ये रिक्शे जुलाई माह में निगम के वर्कशॉप में पहुंचे थे, तभी से उनकी गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे थे, लेकिन जांच रिपोर्ट आने में लगभग छह माह का समय लग गया। अब जबकि रिपोर्ट आ चुकी है और भुगतान रोका गया है, उसी तरह डीजल चोरी की जांच रिपोर्ट भी जल्द सार्वजनिक की जानी चाहिए।

श्री सोनकर ने कहा कि डीजल चोरी की घटना से धमतरी नगर निगम की छवि प्रदेश स्तर पर धूमिल हुई है, लेकिन इसके गुनहगार आज भी खुलेआम घूम रहे हैं। कांग्रेस पार्षद विशु देवांगन, योगेश लाल, सूरज गहरवाल, पूर्णिमा रजक, सुमन मेश्राम, उमा ध्रुव और रामेश्वरी कोसरे ने आरोप लगाया कि डीजल चोरी की जांच के लिए कलेक्टर स्तर की समिति बनी है, इसके बावजूद रिपोर्ट में देरी समझ से परे है। कांग्रेसियों ने पूर्व में डीजल चोरी के विरोध में पल्सर बाइक में डीजल डालते हुए मकई चौक से निगम कार्यालय तक रैली निकालकर घेराव किया था। अब छह माह बाद भी रिपोर्ट सामने नहीं आने पर जिला स्तर पर बड़े आंदोलन की तैयारी की जा रही है। आम जनता भी निगम के कथित काले कारनामों के जल्द उजागर होने की मांग कर रही है।

## भैंसमुंडी में मनाई अटल बिहारी की जयंती

**सिर्री।** ग्राम भैंसमुंडी के अटल चौक में भारतरत्न अटल बिहारी का जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल ने कहा कि अटलबिहारी ने 6 अप्रैल 1980 के भाजपा के सम्मेलन में कहा था कि अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। आज उनके इस सपने को साकार करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार केंद्र में तीन बार भाजपा की सरकार बनी हुई है।

## जो सत्य और धर्म का आश्रय लेता है, उसकी रक्षा स्वयं प्रभु करते हैं : पं. अतुलकृष्ण



- गौशाला मैदान में आयोजित नौ दिवसीय रामकथा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर के ऐतिहासिक गौशाला मैदान में आयोजित नौ दिवसीय भव्य श्रीरामकथा महोत्सव का समापन विश्वविख्यात कथावाचक आचार्य पं. अतुल कृष्ण भारद्वाज के ओजस्वी, सारगर्भित एवं भावपूर्ण प्रवचनों के साथ भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। अंतिम दिवस लंका कांड के विराट वर्णन ने धर्म, सत्य और मर्यादा की स्थापना तथा अहंकार के सर्वनाश का सशक्त संदेश जनमानस तक पहुंचाया। हजारों श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करते रहे और पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंजता रहा।

लंका कांड का विस्तार करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि लंका का पतन केवल रावण के अंत की कथा नहीं, बल्कि अहंकार, अन्याय और अधर्म के समूल नाश का प्रतीक है। विभीषण की शरणागति को धर्म की विजय का आधार बताते हुए उन्होंने कहा कि जो सत्य और धर्म का आश्रय लेता है, उसकी रक्षा स्वयं प्रभु करते हैं। समुद्र पर सेतु निर्माण, हनुमान जी की अपार भक्ति और पराक्रम, लक्ष्मण-शक्ति प्रसंग, संजीवनी पर्वत, मेघनाद व कुंभकर्ण वध से लेकर रावण संहार तक के प्रसंगों को आचार्य श्री ने इतने जीवंत और मार्मिक शब्दों में प्रस्तुत किया कि श्रोता भावविभोर हो उठे।

आचार्य श्री ने अपने प्रवचन में यह भी रेखांकित किया कि रावण विद्वान और शक्तिशाली था, किंतु अहंकार ने उसकी समस्त योग्यताओं को नष्ट कर दिया। वहीं प्रभु श्रीराम का चरित्र मर्यादा, करुणा, क्षमा, त्याग और न्याय का आदर्श संगम है। उन्होंने कहा कि समाज की सुख-शांति और समृद्धि के लिए श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारना आवश्यक है।

समापन दिवस पर भव्य आरती, दीप प्रज्ज्वलन और सामूहिक भजन-कीर्तन के साथ वातावरण पूर्णतः राममय हो गया। आयोजन समिति द्वारा आचार्य पं. अतुलकृष्ण भारद्वाज का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

आयोजनकर्ता पं. राजेश शर्मा ने कहा कि धमतरी की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक विरासत को आगे बढ़ाना हम सभी का धर्म है। इस रामकथा का उद्देश्य समाज में संस्कार, एकता और सद्भावना का संचार करना है। श्रद्धालुओं ने धर्म के मार्ग पर चलने, श्रीराम के आदर्शों को अपनाने और रामराज्य की भावना को साकार करने का संकल्प लिया। यह रामकथा महोत्सव नगर के धार्मिक और सांस्कृतिक इतिहास में एक अविस्मरणीय अध्याय के रूप में अंकित हो गया।

मौके पर गोपाल शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, राजेश शर्मा, प्रतापराव कृदत, जानकी वल्लभजी महराज, डॉ. रोशन उपाध्याय, श्याम अग्रवाल, दिलीप राज सोनी, राजेंद्र शर्मा, योगेश गांधी, डॉ. प्रभात गुप्ता, डॉ. एनपी गुप्ता, अर्जुनपुरी गोस्वामी, विजय सोनी, अशोक पवार, बीथिका विश्वास, शशि पवार, कविंद्र जैन, गोलू शर्मा, प्रकाश शर्मा, विकास शर्मा, नरेश जसूजा, नरेंद्र जायसवाल, कुलेश सोनी, पिंटू यादव प्रमुख रूप से शामिल रहे।

#### रामभक्ति और काव्य का अनुपम संगम दिखा





**कवयित्री अनामिका अंबर की ओजस्वी वाणी से भावविभोर हुए श्रद्धालु**

नगर में श्रीराम कथा के अवसर पर आयोजित साहित्यिक एवं धार्मिक आयोजन भक्ति, काव्य और भारतीय संस्कृति का अद्भुत संगम बनकर उभरा। यह काव्यमयी संध्या नगर के सांस्कृतिक इतिहास में एक स्मरणीय अध्याय के रूप में दर्ज हुई, जहां श्रद्धा, भाव और संस्कार एक साथ प्रवाहित हुए। शाम से ही आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। दीपों की रोशनी, पुष्पों की सुगंध और जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कवयित्री अनामिका अंबर ने अपनी प्रभावशाली, ओजस्वी और भावनात्मक वाणी से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को काव्य के माध्यम से जीवंत कर दिया। उनकी कविताओं में भक्ति रस, वीर रस और करुण रस का सुंदर समन्वय देखने को मिला। प्रत्येक रचना पर श्रोताओं ने तालियों और जयघोष के साथ उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया दी। अनामिका अंबर की कविताओं ने श्रीराम को केवल आराध्य नहीं, बल्कि आदर्श जीवन पुरुष के रूप में प्रस्तुत किया। उनके शब्दों ने श्रोताओं को त्याग, मर्यादा, सेवा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में कवि प्रख्यात मिश्रा ने अपनी ओजपूर्ण और देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं से जनसमूह में विशेष उत्साह का संचार किया। समापन अवसर पर आयोजक पं. राजेश शर्मा द्वारा कवयित्री अनामिका अंबर का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में संस्कारों के संरक्षण, युवाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़ने और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## हिंदू समाज के गुरुओं और महापुरुषों ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी





- मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण ब्राम्हणपारा में विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण ब्राम्हपारा में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन ने नगर ही नहीं, पूरे क्षेत्र में हिन्दू एकता, जागरण और संगठन की सशक्त हुंकार भर दी। बस्ती-बस्ती और गली-मोहल्लों तक हिन्दू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में जनसैलाब उमड़ पड़ा और धर्म के प्रति जागरूकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्याम जग्यासी ने कहा कि हिन्दू समाज के गुरुओं और महापुरुषों ने संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, अब समाज की जिम्मेदारी है कि वह संगठित होकर उनकी विरासत को आगे बढ़ाए।

महिला वक्ता श्रीमती निर्मला तिवारी ने पंच परिवर्तन को केवल नारा नहीं, बल्कि हिन्दू जीवन पद्धति का मूल आधार बताया और समाज से इसे आत्मसात करने का आह्वान किया। संघ प्रचारक विश्वनाथ बोगी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से हिन्दू समाज के लिए सुरक्षा कवच बनकर निरंतर कार्य कर रहा है।

पहली बार धमतरी पहुंचे संत बाल योगेश्वर श्रीराम बालकदास ने कहा कि भारत हिन्दू राष्ट्र था है और भविष्य में भी रहेगा। उनके वक्तव्य पर पूरा पंडाल जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन अजीत साहू तथा आभार प्रदर्शन नगर संघ चालक रामलखन गजेंद्र ने किया।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक